**दिनांक– 19.06.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की राज्यस्तरीय समीक्षात्मक बैठक उपरान्त दिए गए निदेश।**

दिनांक–19.06.2023 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना, की अध्यक्षता में राज्य के 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षा निदेशक/सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, संबंधित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी/अपर समाहर्त्ता एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई।

समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित जिलास्तरीय पदाधिकारियों की कम उपस्थिति को देखते हुए उपस्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पदाधिकारियों की अनुपस्थिति और अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रतिवेदन उपस्थापित किया गया :–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | अभ्युक्ति/अनुपस्थिति के संबंध में बैठक में दिया गया प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्णिया | श्री कुमार दैवेन्द्र प्रौजज्वल | अपर समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी | आपदा की बैठक में |
| 2. | सहरसा | – | – | अपर समाहर्त्ता बन्दोबस्त पदाधिकारी के प्रभार में किन्तु वर्त्तमान में रिक्त। |
| 3. | लखीसराय | श्री राजीव कुमार | बन्दोबस्त पदाधिकारी | चिकित्सीय अवकाश में। |
| 4. | किशनगंज | – | – | बन्दोबस्त पदाधिकारी के प्रभार में जिले के समाहर्त्ता है एवं वर्त्तमान में प्रशिक्षण में प्रतिनियुक्त |
| 5. | अररिया | श्री भानू प्रकाश | बन्दोबस्त पदाधिकारी | अर्जित अवकाश में। |
| 6. | सीतामढ़ी | श्री तारानन्द वियोगी | बन्दोबस्त पदाधिकारी | अर्जित अवकाश में। |
| 7. | मधेपुरा | श्री रवीन्द्रनाथ प्रताप सिंह | अपर समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी | लू लगने के कारण |
| 8. | जमुई | श्री सत्येन्द्र मिश्रा | अपर समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी | आयुक्त की बैठक में |
| 9. | मुंगेर | श्री अमरेन्द्र शाही | अपर समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी | आयुक्त की बैठक में |

उपस्थिति सम्बन्धी उक्त प्रतिवेदन को देखते हुए निदेशित किया गया कि वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की सर्वोच्च प्राथमिकता को देखते हुए राज्यस्तरीय समीक्षात्मक बैठक को जिलों के पदाधिकारियों द्वारा प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं किया जाना अत्यंत खेदजनक है। अतः सभी अनुपस्थित पदाधिकारियों से अविलब स्पष्टीकरण किया जाए।

समीक्षोपरान्त विभिन्न जिलों का प्रगति प्रतिवेदन एवं दिए गए निदेश निम्नवत् है:–

1. <u>2500 खेसरों वाले राजस्व ग्रामों की समीक्षा</u> :– सर्वप्रथम 20 जिलों के 2500 खेसरों वाले राजस्व ग्राम में प्रक्रमवार प्रगति की समीक्षा उपरांत प्रतिवेदन निम्नवत पाया गया–

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र–6 इंट्री | एल0पी0एम0 लंबित | सुनवाई | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 79 | 49 | 30 | 2 | 9 | 17 | 2 | 2 |
| 2 | अरवल | 166 | 40 | 126 | 11 | 71 | 44 | 0 | 0 |
| 3 | बांका | 168 | 97 | 71 | 13 | 16 | 30 | 12 | |
| 4 | बेगूसराय | 299 | 173 | 126 | 55 | 15 | 27 | 13 | 02 राजस्व ग्राम बर्ड सेंचुरी संबंधित मार्गदर्शन हेतु लंबित, 01 टोपोलेण्ड, 01 किस्तवार, 12 खतियान अनुपलब्ध (रेलवे एवं एन0एच0 ए0आई0 का जमीन) |
| 5 | जुमुई | 69 | 29 | 40 | 4 | 17 | 14 | 5 | |
| 6 | जहानाबाद | 159 | 61 | 98 | 8 | 50 | 40 | | हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के अनुसार एल0पी0एम0 लॉक 27 राजस्व ग्राम है। |
| 7 | कटिहार | 116 | 66 | 50 | 0 | 23 | 27 | 0 | |
| 8 | खगड़िया | 79 | 18 | 61 | 9 | 19 | 25 | 8 | |
| 9 | किशनगंज | 284 | 37 | 247 | 144 | 47 | 25 | 31 | |
| 10 | लखीसराय | 243 | 99 | 144 | 42 | 60 | 32 | 5 | 05 राजस्व ग्राम खतियान अनुपलब्ध। |
| 11 | मधेपुरा | 61 | 36 | 25 | 3 | 9 | 7 | 6 | |
| 12 | मुंगेर | 264 | 169 | 95 | 9 | 41 | 37 | 8 | |
| 13 | नालंदा | 211 | 121 | 90 | 7 | 17 | 34 | 28 | 2 राजस्व ग्राम का तेरीज एवं 02 राजस्व ग्राम का कैडेस्ट्रल मानचित्र अनुपलब्ध |
| 14 | पूर्णिया | 53 | 38 | 15 | 0 | 9 | 1 | 5 | |
| 15 | सहरसा | 42 | 18 | 24 | 10 | 3 | 8 | 3 | |
| 16 | शेखपुरा | 160 | 146 | 14 | 0 | 0 | 13 | 1 | |
| 17 | शिवहर | 29 | 16 | 13 | 0 | 3 | 6 | 4 | |
| 18 | सीतामढ़ी | 91 | 28 | 63 | 8 | 18 | 24 | 13 | |
| 19 | सुपौल | 76 | 65 | 11 | 0 | 0 | 11 | 0 | |
| 20 | प0 चम्पारण | 153 | 94 | 59 | 12 | 16 | 23 | 8 | |
| | कुल | 2802 | 1400 | 1402 | 337 | 443 | 445 | 152 | |

उपर्युक्त समीक्षा प्रतिवेदन के आधार पर 2500 से कम खेसरा वाले राजस्व ग्रामों के 04 प्रक्रमों वाले कार्य में संलग्न अमीन/कानूनगो की समीक्षा एवं सुनवाई से सम्बन्धित प्रक्रमवार कार्य को सबसे ज्यादा दिनों से किस कर्मी द्वारा लम्बित रखा गया है। एल0पी0एम0 निर्गत होनेवाली समस्या के सम्बन्ध में आई0टी0 सेल के प्रोग्रामर एवं एन0आई0सी0 द्वारा संयुक्त रूप से दिए गए प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय स्तर पर दो सर्वर लगाए जाने के साथ–साथ बेल्ट्रॉन के SDC पदाधिकारियों तथा सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के प्रधान सचिव, श्री संतोष कुमार मल्ल महोदय को बैठक में आमंत्रित कर बेल्ट्रॉन के स्तर से सर्वर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बेल्ट्रॉन के प्रबन्ध निदेशक महोदय एवं बेल्ट्रॉन के SDC के पदाधिकारियों द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में मानचित्र संधारण करने में आनेवाली समस्या और डाटा संधारित करने में आ रही समस्या से सम्बन्धित सभी समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त की गई।

2. **<u>जिलास्तरीय प्रतिवेदन के आलोक में समीक्षा एवं निदेश</u>** :– जिलावार समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम 2500 तक खेसरों वाले राजस्व ग्रामों में चल रहे कार्यों की समीक्षा चार प्रक्रमों यथा–खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, L.P.M का निर्गमन एवं वितरण तथा सुनवाई के सन्दर्भ में की गई। समीक्षोपरान्त प्राप्त प्रतिवेदन एवं निदेश निम्नवत् हैं:–

(i) निदेशित किया गया कि 2500 खेसरों तक वाले सभी राजस्व ग्रामों में 15 जुलाई तक प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए। वैसे राजस्व ग्राम जिनमें खेसरों की संख्या 10000 से अधिक है अथवा जिनमें खानापुरी का कार्य विलंब से प्रारंभ किया गया है, वैसे राजस्व ग्रामों में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कर L.P.M का वितरण अवश्य कर लिया जाए।

(ii) भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर से प्रत्येक सप्ताह में जूम के माध्यम से होने वाली समीक्षात्मक बैठक में 2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में ससमय कार्य को पूरा करने के लिए स्पष्ट रूप से चार भागों यथा–खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, L.P.M वितरण एवं सुनवाई प्रक्रम में विभक्त कर प्रक्रमवार लंबित राजस्व ग्रामों की समीक्षा की जाए एवं यदि किसी प्रक्रम का कार्य पूर्ण हो जाता है तो उसे अगले प्रक्रम में जोड़ दिया जाए। जिन ग्रामों में प्रारूप आधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन किया जा चुका है, उन्हें 2500 खेसरों वाले कुल राजस्व ग्रामों से सम्बन्धित प्रक्रमवार प्रतिवेदन साप्ताहिक बैठक में उपस्थापित किया जाए।

(iii) वैसे राजस्व ग्राम जहाँ खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि अथवा सुनवाई का कार्य विगत् तीन माह से अधिक अवधि से लंबित है, उन कर्मियों से तुरंत कारण पृच्छा कर उनके द्वारा विगत् तीन माह में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति के आधार पर संविदा समाप्ति की अनुशंसा की जाए।

(iv) एल0पी0एम0 निर्गमन में आ रही समस्या के सम्बन्ध में निदेशालय के आई0टी0 सेल द्वारा सर्वर के अधिष्ठापन सम्बन्धी अनुरोध पत्र बेल्ट्रॉन को देने के लिए अविलंब प्रारूप उपस्थापित किया जाए तथा एन0आई0सी0 एवं बेल्ट्रॉन के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर निदेशालय स्तर पर जिन उपस्कर इत्यादि को क्रय किए जाने की आवश्यकता है, उनकी सूची एवं Specification के सम्बन्ध में तुरंत प्रतिवेदन तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

(v) जिला स्तर पर शिविरों द्वारा याद्दाश्त पंजी समेत सभी प्रक्रमों के अभिलेखों आदि को स्कैन/डिजिटाईज्ड का सॉफ्टवेयर में संधारित करने के कार्य की सघन समीक्षा की जाए एवं सॉफ्टवेयर में सभी प्रकार के प्रपत्रों एवं अभिलेखों आदि का संधारण सुनिश्चित किया जाए।

(vi) शिविर स्तर पर आनेवाली विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं यथा–अमीनों की टैगिंग, नाम आदि के परिवर्त्तन इत्यादि के सम्बन्ध में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा अविलंब सभी समस्याओं को एकत्र कर व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए निदेशालय से समन्वय स्थापित कर दूर किया जाए।

(vii) 2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों के अतिरिक्त 2500 से 5000 खेसरों वाले राजस्व ग्रामों की प्रगति के सम्बन्ध में खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, L.P.M की तैयारी इन चार बिन्दुओं से सम्बन्धित स्पष्ट प्रतिवेदन तैयार कर इस तरह के ग्रामों में संलग्न अमीनों के कार्य की भी सघन समीक्षा की जाए। विशेष रूप से शेखपुरा जिले के इस आलोक में समीक्षा करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के अंत में सभी उप सचिव स्तर के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि बैठक में प्रक्रमवार कार्य पूर्ण करने के लिए, जो भी लक्ष्य निर्धारित किए जाते है, उनके अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए एवं जिन कर्मियों के स्तर से लापरवाही की जा रही है, उनके संविदा समाप्ति की अनुशंसा की जाए।

ह0/–
**(जय सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 ......5328...... **पटना, दिनांक** 28.06.23

**प्रतिलिपिः–** समाहर्त्ता, किशनगंज/बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय/लखीसराय/जहानाबाद/अररिया/सीतामढ़ी/सुपौल/प0 चम्पारण/शिवहर/बांका/शेखपुरा/बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता, सहरसा/कटिहार/पूर्णियाँ/मुंगेर/नालंदा/खगड़िया/अरवल/मधेपुरा/जमुई/अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/6/23
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 ......5328...... **पटना, दिनांक** 28.06.23

**प्रतिलिपिः–** सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/6/23
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 ......5328...... **पटना, दिनांक** 28.06.23

**प्रतिलिपिः–** राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, NIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/6/23
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022 ........5328........ **पटना, दिनांक**.....28.06.23...

**प्रतिलिपिः**— प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022 ........5328........ **पटना, दिनांक**.....28.06.23...

**प्रतिलिपि** :— हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022 ........5328........ **पटना, दिनांक**.....28.06.23...

**प्रतिलिपिः**— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** — 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022........5328**पटना, दिनांक** :—.....28.06.23

**प्रतिलिपि** :— निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022 ........5328........ **पटना, दिनांक**.....28.06.23...

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**-03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0—09/2022 ........5328........ **पटना, दिनांक**.....28.06.23...

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/6/23

**सहायक निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप